कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी-जोन कमिश्नरेट, वाराणसी ।

प्रेस-विज्ञप्ति

दिनांक- 23/12/2024

विषयः-थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी पुलिस द्वारा एक नफर अभियुक्त व एक नफर बाल अपचारी को चोरी की मोटर साइकिल व ई-रिक्शा के साथ गिरफ्तार किया गया

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी जोन व श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज जोन काशी कमि0 वाराणसी व श्रीमान प्रभारी निरीक्षक थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी के कुशल निर्देशन में थाना चेतगंज पुलिस द्वारा आज दिनांक 23.12.2024 को मुखबिर खास की सूचना पर कालिका रेस्टोरेन्ट के अंदर वाली गली के पास से एक नफर अभियुक्त व एक नफर बाल अपचारी को चोरी की मोटर साइकिल व ईरिक्सा के साथ गिरफ्तार कर थाना हाजा लाया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

घटना का विवरणः- उ0नि0 प्रशि0 अभिषेक राव मय हमराह पुलिस बल के साथ लहुराबीर चौराहे पर मौजूद थे कि मुखबीर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि दो व्यक्ति चोरी मोटर साइकिल व ईरिक्शा के साथ कालिका रेस्टोरेंट वाली गली में खड़े हैं अगर जल्दी किया जाय तो पकडे जा सकते हैं । मुखबिर खास की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उ0नि0 प्रशि0 अभिषेक राव मय हमराह कर्मचारीगण के साथ मुखबिर खास के बताये हुए स्थान कालिका रेस्टोरेंट की गली चेतगंज वाराणसी पर पहुंचकर शातिर चोरों को चोरी की मोटर साइकिल व ईरिक्सा के साथ गिरफ्तार कर थाना चेतगंज लाया गया तथा माल बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगणों के विरूद्ध मु0अ0सं0 205/2024 धारा 317(2) बीएनएस पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

विवरण पूछताछः- - अभियुक्तगणों द्वारा पूछताछ में अपने जुर्म को स्वीकार करते हुए अपनी गलती की बार बार माफी मांगते हुए भविष्य में दोबारा ऐसा कोई गलत काम न करने की बात कह रहे हैं ।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1- विवेक कुमार पुत्र संजय भारती निवासी सी 20/27 एच-28 नई पोखरी पिशाच मोचन थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी उम्र करीब .24वर्ष

2.बाल अपचारी उम्र करीब-17 वर्ष

बरामदगी का विवरण- एक अदद मोटर साइकिल व एक अदद ईरिक्शा

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान- कालिका रेस्टोरेंट की गली के अन्दर चेतगंज वाराणसी दिनांक 23.12.2024 को ।

आपराधिक इतिहास- 205/2024 धारा 317(2) बीएनएस थाना चेतगंज कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्र0नि0 श्री दिलीप कुमार मिश्रा थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी
2. उ0नि0 प्रशि0 अभिषेक राव थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी
3. उ0नि0 प्रशि0 लवलेश पटेल थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी ।
4. उ0नि0 प्रशि0 रवि सिंह थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी ।
5. हे0का0 अखिलेश भारती थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी ।
6. का0 किशन कुमार थाना चेतगंज कमिश्नरेट वाराणसी

सोशल मीडिया सेल,
पुलिस उपायुक्त कार्यालय ,
जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी ।